**FORM A**

PUBLIC ANNOUNCEMENT

**(Corrigendum to Public Announcement issued on 07.02.2025)**

(Under Regulation 6 of Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

**FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF GENESIS INFRATECH PRIVATE LIMITED**

| | RELEVANT PARTICULARS | |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | **GENESIS INFRATECH PRIVATE LIMITED** |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | 05/12/2006 |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | Registrar of Companies - Delhi |
| 4. | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor | U45200DL2006PTC156211 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | **Registered Office:** Shop No.20, Plot No. WZ-3 Shyam Park. Near Metro Pilor No. 736 West Delhi, Uttam Nagar New Delhi- 110059<br>**Address at which books are maintained:** 310-311, Third Floor, Vipul Agora, Mg Road, Gurgaon, Haryana, India, 122002<br>**Principal Office:** Genesis Mall situated at Khasra No. 485, 486 & 490, Village Khanpur, Tehsil Tijara, District Alwar, Bhiwadi, Rajasthan-301019 |
| 6. | Insolvency commencement date in respect of corporate debtor | 30.01.2025<br>(CIRP order received through e-mail on 04.02.2025) |
| 7. | Estimated date of closure of insolvency resolution process | 29/07/2025<br>(180 days from insolvency commencement date) |
| 8. | Name and registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional | M/s. KVG Insolvency Advisors Pvt. Ltd. (IPE acting as IP)<br>IBBI/IPE-0108/IPA-1/2022-23/50019 |
| 9. | Address and e-mail of the interim resolution professional, as registered with the Board | 405, New Delhi House, 27 Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi-110001<br>Email: vijaykumargupta.ip@gmail.com |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional | 405, New Delhi House, 27 Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi, 110001<br>Email: cirp.genesis@gmail.com |
| 11. | Last date for submission of claims | 07.03.2025<br>(Being 14 days from date of Corrigendum to Public Announcement) |
| 12. | Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional | **One Class of Creditors**<br>Allotees under Real Estate Projects in the name and style as<br>1. Genesis Flora 2. Genesis City 3. Genesis Mall |
| 13. | Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorized Representative of creditors in a class (Three names for each class) | 1. Mr. Prashant Sharma<br>2. Mr. Sudhir Bhansali<br>3. Mr. Babu Lal Sharma |
| 14. | (a) Relevant Forms and<br>(b) Details of authorized representatives are mentioned at: | Web link: https://ibbi.gov.in/home/downloads<br>Physical Address:<br>**1. Mr. Prashant Sharma**<br>Reg. No.: IBBI/IPA-001/IP-P00290/2017-18/10534<br>Address: 611, Arcade, 6th floor, K-12, Malviya Marg, C-Scheme, Jaipur, Rajasthan-302001<br>**2. Mr. Sudhir Bhansali**<br>Reg. No.: IBBI/IPA-001/IP-P01109/2017-2018/11799<br>Address: 52 Sangram Colony, C-Scheme, Jaipur, Rajasthan-302001<br>**3. Mr. Babu Lal Sharma**<br>Reg. No.: IBBI/IPA-001/IP-P01151/2018-2019/11832<br>Address: 306, 3rd Floor, Durga Business Centre (DBC), Near Pink City Petrol Pump, M.I. Road, Jaipur, Rajasthan ,302039 |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal, New Delhi Bench (Court IV) has ordered the commencement of corporate insolvency resolution process of M/s. Genesis Infratech Private Limited on 30.01.2025.

The creditors of M/s. Genesis Infratech Private Limited, are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 07.03.2025 to interim resolution professional at the address mentioned against entry No. 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

A financial creditor belonging to a class, as listed against the entry No. 12, shall indicate its choice of authorised representative from among the three insolvency professionals listed against entry No.13 to act as authorised representative of the class - Allotees under Real Estate Projects in Form CA.

The IRP, while issuing Form-A on 07.02.2025, was not aware about the existance of creditors in a class and subsequently became aware about such existance of creditors in a class considering the Corporate Debtor is engaged in development of Real Estate Activities and hence the present corrigendum to Public Announcement has been issued.

Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

Gopal Garg
Authorised Representative
M/s KVG Insolvency Advisors Pvt. Ltd.
IPE acting as an Interim Resolution Professional
M/s. Genesis Infratech Private Limited
IBBI/IPE-0108/IPA-1/2022-23/50019
AFA Valid Upto: 31.12.2025

Date: 22.02.2025
Place: New Delhi

# 2035 तक भारत का ई-कामर्स बाजार 4 गुना बढ़कर पहुंचेगा 550 अरब डॉलर तक

## अनारॉक और ईटी रिटेल की संयुक्त रिपोर्ट में दी जानकारी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत के ई-कॉमर्स सेक्टर का बाजार आकार 2035 तक 4 गुना बढ़कर 550 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी अनारॉक और ईटी रिटेल की संयुक्त रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में भारत का ई-कॉमर्स बाजार 125 अरब डॉलर का था।

रियल एस्टेट कंसल्टेंट अनारॉक और ईटी रिटेल ने यह रिपोर्ट गुरुवार को मुंबई में



आयोजित ग्रेट इंडिया रिटेल समिट 2025 में जारी की। अनारॉक के अनुसार, भारतीय ई-कॉमर्स बाजार 15 फीसदी की कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) के साथ 2035 तक 550 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। 2024 में यह बाजार 125 अरब डॉलर का था, और 2030 के अंत तक इसके 345 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। तेजी से बढ़ रही डिजिटल सुविधा और सरकारी योजनाओं का योगदान अनारॉक ने कहा कि इंटरनेट की बढ़ती पहुंच, स्मार्टफोन अपनाने की बढ़ती दर, डिजिटल भुगतान प्रणाली का विस्तार और युवा तकनीक-प्रेमी आबादी इस वृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं।

इसके अलावा, 'डिजिटल इंडिया' जैसी सरकारी पहल और लॉजिस्टिक्स व सप्लाई चेन नेटवर्क में तेजी से हो रहे सुधार भी ई-कॉमर्स सेक्टर को मजबूती दे रहे हैं। अनारॉक रिटेल के सीईओ और एमडी अनुज केजरीवाल ने कहा, मेट्रो शहरों के अलावा, ई-कॉमर्स कंपनियां अब छोटे शहरों और कस्बों में बढ़ती मांग को पूरा करने की कोशिश कर रही हैं।

# सेंसेक्स 424 अंक गिरकर 75,311 के स्तर पर बंद, निफ्टी भी 117 अंक गिरा



महानगर संवाददाता

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 424 अंक की गिरावट के साथ 75,311 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 117 अंक की गिरावट रही, ये 22,795 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 37 में गिरावट और 13 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.58 फीसदी की गिरावट रही।

**विदेशी निवेशकों ने 3,311.55 करोड़ रुपए के शेयर बेचे:** महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस और टाटा मोटर्स ने बाजार को गिराने में सबसे ज्यादा कॉन्ट्रिब्यूट किया। जबकि, लार्सन एंड टुब्रो, एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील ने सेंसेक्स को ऊपर खींचा।

एशियाई बाजार में कोरिया के कोस्पी में 0.020 फीसदी की तेजी रही। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 3.99 फीसदी की गिरावट और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.85 फीसदी की तेजी रही।

इससे पहले 21 फरवरी गुरुवार को सेंसेक्स 203 अंक की गिरावट के साथ 75,735 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 19 अंक की गिरावट रही, ये 22,913 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 599 अंक चढ़कर 46,054 के स्तर पर बंद हुआ था।

### वैश्विक रिटेल दिग्गज सीधे सोर्सिंग पर कर रहे दांव

# भारत का खिलौना बाजार हुआ मजबूत

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अब तक भारत खिलौना निर्यात के लिए याद नहीं जाना जाता था लेकिन वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह ट्रेंड बदलता नजर आ रहा है। चाइना प्लस वन नीति के तहत, वैश्विक रिटेल दिग्गज वॉलमार्ट और टारगेट कॉरपोरेशन पहली बार भारतीय खिलौना ब्रांडों से सीधी सोर्सिंग कर रहे हैं।

उद्योग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, वॉलमार्ट ने 2027 तक भारत से सोर्सिंग को तीन गुना बढ़ाकर 10 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना बनाई है और खिलौनों का डायवर्सिफिकेशन इसी रणनीति का एक हिस्सा माना जा रहा है।



## खिलौना उद्योग में भारत की बढ़ती भागीदारी

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में घरेलू खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे यह सेक्टर वैश्विक कंपनियों के लिए आकर्षक बनता जा रहा है। इस बीच वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते समय भारत के खिलौना उद्योग की संभावनाओं पर भी जोर दिया, जिससे यह संकेत मिलता है कि सरकार इस सेक्टर को और मजबूती देने के लिए कदम उठा सकती है।

# रुपए ने डॉलर को दिया मुंह तोड़ जवाब



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** रुपया शक्रवार को शुरुआती कारोबार में 14 पैसे मजबूत होकर 86.50 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपए के थोड़े नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की आशंका है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में समग्र कमजोरी तेज गिरावट को कम कर सकती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.50 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को 34 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.64 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.41 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.46 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,311.55 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

# फोन-पे का आईपीओ भारत में पेश होने के लिए तैयार

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी फिनटेक कंपनी फोन-पे ने भारतीय शेयर बाजारों में आईपीओ लाने की तैयारी शुरू कर दी है। वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली इस डिजिटल भुगतान कंपनी का लक्ष्य घरेलू बाजार में सूचीबद्ध होकर पूंजी जुटाना है। फोन-पे का यह आईपीओ भारतीय फिनटेक इंडस्ट्री के लिए एक नया अध्याय खोल सकती है और निवेशकों के लिए एक शानदार अवसर साबित हो सकती है।

सबसे बड़ा यूपीआई पेमेंट एप फोन-पे फोन-पे ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि कंपनी अपने संभावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रारंभिक कदम उठा रही है। यह लिस्टिंग कंपनी के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगी. फोन-पे इस साल अपनी 10वीं वर्षगांठ मना रही है और यह भारत की सबसे बड़ी यूपीआई पेमेंट एप्लिकेशन में से एक बन चुकी है।

# वेदांता भारत में बनाएगी न्यूक्लियर पावर प्लांट!

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** माइनिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी वेदांत लिमिटेड भारत में 5 गीगावॉट न्यूक्लियर पावर कैपेसिटी विकसित करने की योजना बनाई है। इसके लिए अरबपति अनिल अग्रवाल की अगुवाई में कंपनी ने ग्लोबल कंपनियों से बोली मंगाई है। वेदांत इस न्यूक्लियर पावर का उपयोग अपनी फैक्ट्रियों और अन्य प्लाटों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए करेगा। समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, माइनिंग सेक्टर के दिग्गज अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांत ग्रुप ने न्यूक्लियर पावर प्लांट डिजाइन, बिल्डिंग और ऑपरेशन में विशेषज्ञता रखने वाली ग्लोबल कंपनियों से रुचि पत्र आमंत्रित किए हैं। यह जानकारी वेदांता लिमिटेड की वेबसाइट पर पब्लिश एक विज्ञापन में दी गई। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि प्रारंभिक बोलियां 30 दिनों के भीतर जमा करनी होंगी।

**निजी कंपनियां बनाएंगी न्यूक्लियर पावर, सरकार बदलेगी कानून :** इस महीने की शुरुआत में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि भारत न्यूक्लियर पावर जेनरेशन में निजी कंपनियों को अनुमति देने के लिए विधायी संशोधन करेगा।

इसके तहत, देश अपने मौजूदा दायित्व कानून में बदलाव करेगा, जो मूल रूप से सुरक्षा उपाय के रूप में लाया गया था, लेकिन बाद में निजी कंपनियों के लिए इस सेक्टर में प्रवेश करने में एक बड़ी बाधा बन गया।

कानून में बदलाव तय माने जा रहे हैं, और इसी के साथ भारत का ध्यान अब छोटे और मॉड्यूलर रिएक्टर्स पर केंद्रित हो गया है। हालांकि, यह तकनीक अभी शुरुआती चरण में है, लेकिन इसके कई फायदे हैं, जैसे कम प्रारंभिक पूंजी लागत और जरूरत के हिसाब से स्केल बढ़ाने की क्षमता। वेदांता ने अपने विज्ञापन में कहा है कि वह न्यूक्लियर प्लांट्स के लिए भूमि, बुनियादी ढांचा सहायता और नियामक मंजूरी की व्यवस्था करेगा। कंपनी का कारोबार कच्चे तेल के उत्पादन से लेकर एल्युमिनियम और जिंक उत्पादन तक फैला हुआ है, और इसके प्लांट देशभर में मौजूद हैं।

# 2047 तक उच्च आय वाले देशों में शामिल होगा भारत

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत 2047 तक 23-35 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी के साथ उच्च आय वाले देशों में शामिल हो जाएगा। 8-10 फीसदी वार्षिक वृद्धि से यह संभव होगा। इसमें पांच प्रमुख क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक्स, एनर्जी, केमिकल्स, ऑटोमोटिव और सर्विस रणनीतिक विकास के रूप में काम करेंगे। बैन एंड कंपनी और नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, तकनीकी इनोवेशन और क्षेत्रीय बदलाव से भारत को फायदा मिलेगा। आने वाले दशकों में 20 करोड़ लोगों के कार्यबल में प्रवेश करने की उम्मीद है। इससे भारत के पास ऊंचे मूल्य वाले रोजगार निर्माण को बढ़ावा देने व महत्वपूर्ण आर्थिक क्षमता का फायदा उठाने का अवसर है। बढ़ती आय, कुशल श्रमिकों की बढ़ती संख्या व इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार कुछ ऐसे प्रमुख कारक हैं जो वृद्धि को बढ़ावा दे सकते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई वाले चिप डिजाइन और कलपुर्जे विनिर्माण में प्रगति लागत प्रतिस्पर्धात्मकता और खोजपरक को बढ़ा सकती है।

### पिछले एक महीने के दौरान चीनी की कीमतों में दो प्रतिशत की तेजी आई

# गन्ना उत्पादन घटने का दिख रहा असर, महंगी होने लगी चीनी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** गन्ने का कम उत्पादन, रिकवरी दर में गिरावट, निर्यात की अनुमति और एथनाल में अत्यधिक इस्तेमाल के चलते चीनी की कीमतें चढ़ने लगी हैं। आकलन है कि उपभोक्ताओं की जेब पर भी बोझ पड़ना तय है। घरेलू मार्केट में अभी से ऐसा दिखने भी लगा है। पिछले एक महीने के दौरान चीनी की कीमतों में लगभग दो प्रतिशत की तेजी आई है। आगे भी राहत की उम्मीद नहीं है।गन्ने के अभाव में मध्य फरवरी में 77 चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं। चीनी उत्पादन में अब तक लगभग 50 लाख टन से अधिक की कमी होने का अनुमान है। ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन को इससे भी ज्यादा कमी होने की आशंका है।



नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (एनएफसीएसएफ) की रिपोर्ट में दिसंबर में ही आशंका जताई गई थी कि चीनी मिलों को गन्ने के संकट का सामना करना पड़ सकता है। प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में महाराष्ट्र की 30 और कर्नाटक की 34 चीनी मिलें 15 फरवरी के पहले ही बंद हो गई हैं। तमिलनाडु में भी चार चीनी मिलों को बंद कर दिया गया है। इसी तरह उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड एवं गुजरात में भी चीनी मिलों के शटर धड़ाधड़ गिरने लगे हैं, जबकि सामान्य तौर पर चीनी मिलें मार्च-अप्रेल तक चलती हैं। गन्ने के अभाव में कुल चीनी उत्पादन में लगभग 12 से 14 प्रतिशत की कमी का अनुमान किया जा रहा है। पिछले वर्ष 319 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था, किंतु इस वर्ष अभी तक 270 लाख टन चीनी उत्पादन की उम्मीद है। इस आंकड़ें के और भी नीचे जाने की बात कही जा रही है। चीनी उत्पादन में जब इतनी बड़ी गिरावट आएगी तो मूल्य पर असर पड़ना तय है।

## खराब फसल का चीनी रिकवरी दर पर असर

चीनी उत्पादन में कमी का एक और बड़ा कारण रिकवरी दर में गिरावट को माना जा रहा है। गन्ने की खराब फसल का असर चीनी रिकवरी दर पर पड़ा है। पिछले वर्ष फरवरी तक 9.87 प्रतिशत औसत रिकवरी दर थी, जो इस बार सिर्फ 9.09 प्रतिशत रह गई है। बेमौसम बारिश के चलते सबसे अधिक असर कर्नाटक और महाराष्ट्र पर पड़ा है। कर्नाटक में रिकवरी दर 9.75 प्रतिशत से गिरकर 8.50 प्रतिशत पर आ गई है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष 10.20 प्रतिशत रिकवरी दर थी जो इस बार 9.30 प्रतिशत पर आ गई है।


**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा सूचना**

इच्छुक बोलीकर्ताओं से निविदा सं. 21/2024-25 : "Const. work of LILO of 132 KV S/C Nagar-Govindgarh (Alwar) line for 132 KV GSS Semli ( Dist. Deeg)Approx line length 5 KMs) कार्य के लिए निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की पूर्ण जानकारी/निविदा तारीख बढाने की सूचना के दस्तावेज़ विवरण आदि देखने/डाउनलोड करने के लिए **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in** तथा **www.energy.rajasthan.gov.in/rvpnl** वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। **(UBN NO: - (VPN2425WSOB03070)**

अधीक्षण अभियंता (टी. एण्ड सी.), वृत भरतपुर
राज.संवाद/सी/24/12041 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6631/2025

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा सूचना संख्या 41 व 42 /2024-25**

केन्द्र / राज्य सरकार के विभागों एवं उनके उपक्रमों में 'अ' अथवा 'अअ' श्रेणी एवं रा.रा.वि.प्र.नि.लि. में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से निविदा सूचना संख्या 41 व 42 /2024–25 में वर्णित कार्य हेतु संबंधित अधिशाषी अभियन्ता (सिविल) कार्यालय के लिये निर्धारित प्रपत्र में निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** व **www.rvpn.co.in** एवं **http://sppp.raj.nic.in** पर उपलब्ध है। UBN :- VPN2425WSOB03025, VPN2425WSOB03027 to VPN2425WSOB03033 (7), VPN2425WSOB03035 to VPN2425WSOB03038(4), VPN2425WSOB03040 to VPN2425WSOB03057 (18), VPN2425WSOB03063 to VPN2425WSOB03065 (3), VPN2425WSOB03067, VPN2425WSOB03069, VPN2425WSOB03071 to VPN2425WSOB03073(3), VPN2425WSOB03075

अधीक्षण अभियन्ता (सिविल), जयपुर
राज.संवाद/सी/24/12052 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6638/2025

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा सूचना**

इच्छुक बोलीकर्ताओं से निविदा सं -22/2024-25 "Const. work of 132 KV GSS Semli, Teh-Nagar Distt. Deeg कार्य के लिए निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की पूर्ण जानकारी/निविदा की तारीख बढाने की सूचना के दस्तावेज़ विवरण आदि देखने/डाउनलोड करने के लिए **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in** तथा **www.energy.rajasthan.gov.in/rvpnl** वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

**(UBN No. : - (VPN2425WSOB03084)**

अधीक्षण अभियंता (टी. एण्ड सी.), वृत भरतपुर
राज.संवाद/सी/24/12055 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6640/2025

**EXECUTIVE ENGINEER PHED RURAL DIV 1st ALWAR (NCR)**
HKM NAGAR ALWAR (RAJ.) E-Mail-eephedrd1-alw-rj@nic.in

No-2243-2253 Date-13/02/2025

**NOTICE INVITING BID (NIT No. 27-28/2024-25)**

Bids for TW Mtc at Various RWSS and JJY Schemes under Sub Division Umrain and Malakhera are invited from interested bidders upto 05:00 PM on Date 24.02.2025 Other particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and https://phedwater.rajasthan.gov.in departmental website.

UBN: PHE 2425 WSRC09815, PHE2425 WSRC09847,
**DIPR/C/2164/2025** **Executive Engineer**

**COLLEGE OF AGRICULTURE**
KISHANGARH BAS, KHAIRTHAL-TIJARA 301405, E-mail: dean.coakishangarhbas@sknau.ac.in

No. : F. ()/Store /COAKGB/2024-25/792 Dated :- 20/02/2025

**Open Tender Information**

Sealed tenders are invited for "Purchasing of Bench Desk and 3-Seater Visitor Chair" for College of Agriculture, Kishangarhbas, Distt. Khairthal-Tijara (Rajasthan). Tender formats can be downloaded from **www.sknau.ac.in** or are available at our office from day of publishing to 11:00 AM of 27.02.2025 Form fee will be Rs. 500/- which can be paid in the form of DD in favour of the Dean, College of Agriculture, Kishangarhbas. Along with tender documents, the bidder also has to submit bid security money (EMD) of Rs. 19200/- (@ 2% of the bidding amount) in the form of DD favouring the Dean, College of Agriculture, Kishangarhbas up to 01:00 PM on 27.02.2025. The tender will be opened on the same day at 02.00 P.M. before the purchase committee by an officer duly authorised by the Dean, College of Agriculture, Kishangarhbas in the presence of any intending tenderer or their authorised representative who may be present. Detailed information regarding above mentioned tender is available at our office, university website **www.sknau.ac.in and https://sppp.rajasthan.gov.in**. The undersigned reserves the right to reject the tender without assigning any reason thereof. **UBN No. SKN2425GSOB00419**

**Raj.Samwad/C/24/12073** **DEAN**

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. DYCE-GS-AGC-2025-03 dated 19.02.2025**

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **E-TENDER** द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**टेंडर संख्याः** DYCE-GS-AGC-2025-04

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** आगरा मंडल के छाता-पलवल सेक्शन में एसएंडटी केबलों को स्थानांतरित करके विद्युत आपूर्ति बढ़ाने और वास्तविकता में सुधार कार्य के संबंध में रूंधी, शोलाका, होडल और छाता स्टेशनों पर आईपीएस और बैटरी रूम का निर्माण कार्य।, **पूर्णता अवधिः** 08 माह

**कार्य की अनुमानित लागतः** Rs. 49.65 Lac. | **बिड सिक्योरिटीः** रू. 99300.00

**टेंडर डालने की अंतिम तिथि व समयः** दिनांकः **17.03.2025** को **15:00** बजे तक टेंडर डाल सकते हैं।, पूरी जानकारी एवं टेंडर में भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **17.03.2025** तक डाल सकते हैं। **348/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**फॉर्म–ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
**(दिनांक 07.02.2025 को जारी सार्वजनिक घोषणा का शुद्धिपत्र)**
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)

**जेनेसिस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ हेतु**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट ऋणी का नाम | जेनेसिस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट ऋणी के गठन की तिथि | 05/12/2006 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणी गठित/पंजीकृत है | कंपनी रजिस्ट्रार दिल्ली |
| 4. | कॉर्पोरेट पहचान संख्या / कॉर्पोरेट देनदार की सीमित देयता पहचान सं. | U45200DL2006PTC156211 |
| 5. | कॉर्पोरेट ऋणी के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | पंजीकृत कार्यालयः दुकान नं.20, प्लॉट नं. डब्ल्यू जेड–3 श्याम पार्क मेट्रो पिलर नं. 736 पश्चिमी दिल्ली के पास, उत्तम नगर नई दिल्ली–110059<br>पता जहां बुक रखी जाती हैं: 310–311, तीसरी मंजिल, विपुल अगोरा, एमजी रोड, गुड़गांव, हरियाणा, भारत, 122002<br>मुख्य कार्यालयः जेनेसिस मॉल, खसरा नं. 485, 486 और 490, गांव खानपुर, तहसील तिजारा, जिला अलवर, भिवाड़ी, राजस्थान–301019 |
| 6. | कॉर्पोरेट ऋणी के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि | 30.01.2025 (सीआईआरपी आदेश 04.02.2025 को ई–मेल के माध्यम से प्राप्त हुआ) |
| 7. | दिवालियापन संकल्प प्रक्रिया को बंद करने की अनुमानित तारीख | 29/07/2025<br>(दिवालियापन शुरू होने की तारीख से 180 दिन) |
| 8. | अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | मेसर्स केवीजी इन्सॉल्वेंसी एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड (आईपीई आईपी के रूप में कार्य करता है)<br>IBBI/IPE-0108/IPA-1/2022-23/50019 |
| 9. | अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ईमेल पता जो समिति के पास पंजीकृत हो | 405, नई दिल्ली हाउस, 27 बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001<br>ईमेलः vijaykumargupta.ip@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई–मेल | 405, नई दिल्ली हाउस, 27 बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001<br>ईमेलः cirp.genesis@gmail.com |
| 11. | दावों के निवेदन की अंतिम तिथि | 07.03.2025<br>(सार्वजनिक उद्घोषणा के शुद्धिपत्र की तिथि से 14 दिन) |
| 12. | धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत लेनदारों की कक्षाएं, यदि कोई हों, अंतरिम संकल्प पेशेवर द्वारा निर्धारित | लेनदारों का एक वर्ग<br>रियल एस्टेट परियोजनाओं के अंतर्गत आवंटी जिनका नाम और शैली इस प्रकार है<br>1. जेनेसिस फ्लोरा 2. जेनेसिस सिटी 3. जेनेसिस म,ल |
| 13. | दिवालियापन पेशेवरों के नाम एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने जाते हैं (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | 1. श्री प्रशांत शर्मा<br>2. श्री सुधीर भन्साली<br>2. श्री बाबू लाल शर्मा |
| 14. | (क) प्रासंगिक फार्म और<br>(ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है | वेबलिंकः https://www.ibbi.gov.in/home/downloads<br>भौतिक पताः<br>**1. श्री प्रशांत शर्मा**<br>रजि. क्रमांकः IBBI/IPA-001/IP-P00290/2017-18/10534<br>पताः 611, आर्केड, 6वीं मंजिल, के–12, मालवीय मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर, राजस्थान–302001<br>**2. श्री सुधीर भन्साली**<br>रजि. क्रमांकः IBBI/IPA-001/IP-P01109/2017-2018/11799<br>पतारू 52 संग्राम कॉलोनी, सी–स्कीम, जयपुर, राजस्थान–302001<br>**3. श्री बाबू लाल शर्मा**<br>रजि. सं.: IBBI/IPA-001/IP-P01151/2018-2019/11832<br>पताः 306, तीसरी मंजिल, दुर्गा बिजनेस सेंटर (डीबीसी), पिंक सिटी पेट्रोल पंप के पास, एम.आई. रोड, जयपुर, राजस्थान, 302039 |

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ(कोर्ट-IV) ने दिनांक 30.01.2025 के माध्यम से **मेसर्स जेनेसिस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड** की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

**मेसर्स जेनेसिस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड** के लेनदारों को **07.03.2025** को या उससे पहले अपने दावों का सबूत प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है, जो प्रविष्टि नं. 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर को देना हैं।

प्रविष्टि संख्या-12 के सामने सूचीबद्ध एक वर्ग से संबंधित एक वित्तीय लेनदार, फॉर्म सीए में रियल एस्टेट परियोजनाओं के तहत वर्ग–आवंटियों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से अपने अधिकृत प्रतिनिधि का चयन दर्शाएगा।

आईआरपी को 07.02.2025 में फॉर्म-ए जारी करते समय, किसी वर्ग में लेनदारों के अस्तित्व के बारे में जानकारी नहीं थी और बाद में उसे इस बात का पता चला कि किसी वर्ग में लेनदारों का अस्तित्व है, क्योंकि कॉर्पोरेट देनदार रियल एस्टेट गतिविधियों के विकास में लगा हुआ है। और इसलिए सार्वजनिक घोषणा के लिए वर्तमान शुद्धिपत्र जारी किया गया है।

दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना लगाया जाएगा।

हस्ता/–
गोपाल गर्ग
अधिकृत प्रतिनिधि
मेसर्स केवीजी इन्सॉल्वेंसी एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड
आईपीई अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्यरत
मेसर्स जेनेसिस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
IBBI/IPE-0108/IPA-1/2022-23/50019
एएफए वैधता 31.12.2025 तक

दिनांकः 22/02/2025
स्थानः नई दिल्ली

